# प्रवेश – विवरणिका

## सत्र 2026

हर युवा बने सक्षम,
हर सपना हो साकार



# संत शिरोमणि रविदास
# ग्लोबल स्किल्स पार्क
(मध्यप्रदेश शासन का उत्कृष्ट संस्थान)


ग्लोबल स्किल्स पार्क
बालिका छात्रावास भवन
लोकार्पण
डॉ. गौतम टेटवाल











संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क

# एसएसआर जीएसपी



**डॉ. गौतम टेटवाल**
माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
कौशल विकास एवं रोजगार, म.प्र. शासन

भारत निरंतर सीखने और नवाचार का देश है, जहाँ युवा प्रतिभा एवं क्षमता के धनी हैं। हमारा मिशन सरल है: "जिज्ञासा को क्षमता में बदलें - रुचि को कौशल में बदलें!"

ग्लोबल स्कि पार्क (SSRGSP) में, हम आधुनिक भारत के कौशल कार्यक्रम को आकार देते हैं। विकास के लिए एक ब आयामी ष्टिकोण के साथ, हम युवाओं को रा की प्रगति में शामिल करने के लिए प्रतिब हैं।

युवाओं के भवि को संवारना एवं सशक्त बनाना!

हमारा इंजीनियरिंग संस्थान प्रौद्योगिकी-आधारित कौशल पा क्रम , रा ीय एवं अंतर्रा ीय र के मानको के अनुसार जॉब रेडी कौशल प्रदान करने के लिए समर्पित है।

एक उ तवल भ वि के निर्माण में हमारे साथ जुड़ें!



# संत शिरोमणि रविदास
# ग्लोबल स्किल्स पार्क

रैदास नाम से विख्यात संत रविदास जी का जन्म सन् 1388 और देहावसान सन् 1518 में बनारस में हुआ, ऐसा माना जाता है। मध्ययुगीन साधकों में रैदास का विशिष्ट स्थान है। कबीर की तरह रैदास भी संत कोटि के कवियों में गिने जाते हैं। वह व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं और आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे।

रैदास ने अपनी काव्य–रचनाओं में सरल, व्यावहारिक ब्रजभाषा का प्रयोग किया है, जिसमें अवधी, राजस्थानी, खड़ी बोली और उर्दू–फारसी के शब्दों का भी मिश्रण है। रैदास को उपमा और रूपक अलंकार विशेष प्रिय रहे हैं। सीधे–सादे पदों में संत कवि ने हृदय के भाव बड़ी सफाई से प्रकट किए हैं। इनका आत्मनिवेदन, दैन्य भाव और सहज भक्ति पाठक के हृदय को उद्वेलित करते हैं। रैदास के चालीस पद सिखों के पवित्रा धर्मग्रंथ 'गुरुग्रंथ साहब' में भी सम्मिलित हैं।

स्त्रोत – एन सी ई आर टी





SANT SHIROMANI RAVIDAS
GLOBAL SKILLS PARK
BHOPAL MADHYA PRADESH

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल, मध्य प्रदेश का प्रतीक चिन्ह आधुनिक कौशल और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का प्रतीक है।

यह प्रतीक चिन्ह विविध रंगों की पुस्तकों से सजा है, जो ज्ञान, विविधता और समावेशिता का प्रतिनिधित्व करते हैं। बीच में औजार पर बनी एक व्यक्ति की आकृति दर्शाती है कि यह युवा शक्ति और तकनीकि शिक्षा पर केंद्रित है।

यह पार्क तकनीकी शिक्षा और व्यावसायिक कौशल में श्रेष्ठता का परिचायक है, जो मध्य प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक है। ग्लोबल स्किल्स पार्क का लोगो इस दृष्टिकोण को दर्शाता है कि हर युवा आत्मनिर्भर और कुशल बने।

# अनुक्रमणिका


| | |
|---|---|
| 1. भूमिका | 1 |
| 2. शैक्षणिक योग्यता | 1-3 |
| 3. प्रवेश प्रक्रिया | 4 |
| 4. प्रशिक्षण शुल्क | 5 |
| 5. संस्थान की प्रमुख विशेषताएं | 6-7 |
| 6. व्यक्तित्व विकास (Life skill training) | 8 |
| 7. ऑन द जॉब ट्रेनिंग (OJT) | 8-9 |
| 8. परीक्षा का मुल्यांकन एवं सर्टिफिकेट | 10 |
| 9. मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट | 10 |
| 10. रोजगार के अवसर | 11-14 |
| 11. छात्रवृत्ति | 15 |
| 12. प्रवेश एवं प्रवेश में आरक्षण<br>12.1 वर्टीकल आरक्षण<br>12.2 होरिजेंटल आरक्षण | 15-17 |
| 13. समस्त प्रोविजनल मेरिट लिस्ट तैयार करने हेतु नियमों की जानकारी | 18 |
| 14. संस्था स्तर पर प्रवेश हेतु नियमों की जानकारी<br>14.1 प्रोविजनल संस्था CLC एडमिशन लिस्ट तैयार करने हेतु नियमों की जानकारी | 19 |
| 15. परिवीक्षा | 19 |
| 16. अनुशासन | 20 |
| 17. निष्कासन | 21 |
| 18. अवकाश | 21 |
| 19. अनुपस्थिति | 21 |
| 20. अपील | 21 |
| 21. संशोधन | 22 |
| 22. सुविधाये:-<br>22.1 हॉस्टल<br>22.2 पुस्तकालय | 22 |
| 23. संस्थान में प्रवेशित छात्र/छात्राओं हेतु रैगिंग संबंधित नियम एवं शर्तें:-<br>23.1 रैगिंग से संबंधित शपथ पत्र (छात्र/छात्रा)<br>23.2 रैगिंग से संबंधित शपथ पत्र (अभिभावक):- | 22-24 |
| 24. प्रपत्र | 25-29 |
| 25. आवेदन पत्र | 32 |

# संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में वर्ष 2026 के प्रथम उपसत्र में प्रवेश हेतु विवरण-पत्रिका

## 1. भूमिका :-

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी परियोजना "**मध्यप्रदेश कौशल विकास परियोजना (MPSDP)**" के अंतर्गत स्थापित देश का पहला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का उन्नत स्किल प्रशिक्षण संस्थान है। इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य देश में उत्पादन एवं सेवाओं के लिए उत्कृष्ट तकनीकी प्रशिक्षण से जनशक्ति तैयार करना है, जिससे युवा वैश्विक स्तर पर उपयोग की जा रही नई तकनीकों से सुसज्जित होकर अधिक वेतन पर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को सिद्ध कर सकें।

## 2. शैक्षणिक योग्यता:-

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल में एक वर्षीय एडवांस्ड कोर्सेज संचालित है, जिसमें विद्यार्थियों को एक्सपर्ट प्रशिक्षकों के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों से सुसज्जित उच्च स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर में ,उद्योगों के मांग के अनुरूप निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क की कार्यप्रणाली अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण संस्थानों के एक मॉडल पर आधारित हैं।

| पाठ्यक्रम के नाम | पात्रता | पाठ्यक्रम की अवधि |
|---|---|---|
| **एडवांस्ड CNC एंड प्रिसीजन इंजीनियरिंग** | आईटीआई उत्तीर्ण (टर्नर/ फिटर/ मशीनिष्ट / मशीनिष्ट ग्राइंडर/ मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेन्स / टूल एंड डाई मेकर/ऑपरेटर एडवांस्ड मशीन टूल)<br>अथवा<br>डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण ( मैकेनिकल/इंडस्ट्रियल/ प्रोडक्शन/ इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन/ इंजीनियरिंग/मैन्युफैक्चरिंग / टूल इंजीनियरिंग/ टूल एंड डाई इंजीनियरिंग/ ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग/एयरोस्पेस इंजीनियरिंग/मरीन इंजीनियरिंग/प्लास्टिक इंजीनियरिंग/इंजीनियरिंग डिजाईन/ प्रोडक्ट डिजाईन इंजीनियरिंग )<br>**अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |

| पाठ्यक्रम के नाम | पात्रता | पाठ्यक्रम की अवधि |
|---|---|---|
| **एडवांस्ड इलेक्ट्रिकल टेक्नोलॉजी (पॉवर एंड कंट्रोल)** | आई टी आई उत्तीर्ण (इलेक्ट्रीशियन /वायरमैन ट्रेड)<br>**अथवा**<br>डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण ( इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स / इन्स्ट्रूमैनटेशन इंजीनियरिंग)<br>**अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |
| **एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स (मोबाइल डिवाइसेज़ एंड IoT इंटीग्रेशन)** | आईटीआई उत्तीर्ण (इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक/इंस्ट्रूमेंटेशन/IoT टेक्नीशियन/कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स / मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स)<br>**अथवा**<br>डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/ कम्प्यूटर साइंस/ कम्प्यूटर साइंस विथ IoT /इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग<br>**अथवा**<br>B.sc./M.sc-इलेक्ट्रॉनिक्स<br>**अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |
| **एडवांस्ड नेटवर्किंग एंड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन** | आईटीआई उत्तीर्ण (कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग /इलेक्ट्रॉनिक्स /IoT टेक्नीशियन/कोपा/आई टी) / मकैनिक कंप्यूटर हार्डवेयर इन्फोर्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटिनेंस<br>**अथवा**<br>डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण ( कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग/ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आई.टी) /इलेक्ट्रॉनिक्स / इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/कंप्यूटर एप्लिकेशन)<br>**अथवा**<br>BCA/MCA/B.Sc/M.Sc (IT/CS)<br>**अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |
| **एडवांस्ड एयर कंडीशनिंग एंड रेफ्रिजरेशन (HVAC)** | आईटीआई उत्तीर्ण ( रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग/ फिटर/इलेक्ट्रिशियन/मैकेनिक एयर कंडिशनिंग प्लांट/10th+ वेल्डर/शीट मेटल)<br>**अथवा**<br>डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण ( मैकेनिकल /इलैक्ट्रिकल/इलैक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/ प्रोडक्शन/ रेफ्रिजरेशन एयर कंडीशनिंग इंजीन्यरिंग / इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रिकल एण्ड इंस्ट्रयुमेंटेशन<br>**अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |
| **एडवांस्ड ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी** | आईटीआई उत्तीर्ण मैकेनिक ( ट्रैक्टर/ डीज़ल/मोटर व्हीकल) मैकेनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक/ मैकेनिक ऑटो बॉडी रिपेयर/ फिटर)<br>**अथवा**<br>डिप्लोमा/डिग्री (ऑटोमोबाइल/मैकेनिकल इंजीनियरिंग )<br>**अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |

| पाठ्यक्रम के नाम | पात्रता | पाठ्यक्रम की अवधि |
|---|---|---|
| **एडवांस्ड मैकेनिकल टेक्नोलॉजी** | आईटीआई उत्तीर्ण (फिटर/ मैकेनिकल मैंटेनेंस / शीट मेटल वर्कर/ 10th+ वेल्डर / मेंटेनेंस मैकेनिक (केमिकल प्लांट) / पम्प ऑपरेटर कम मैकेनिक/ ऑपरेटर एडवांस मशीन टूल्स/ टूल एंड डाई मेकर /मशीनिष्ट ) **अथवा** डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण (मैकेनिकल/ प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट **अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |
| **एडवांस्ड मेकाट्रॉनिक्स एंड इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स** | आईटीआई (इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक / इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक / इलेक्ट्रीशियन / मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस / मेकाट्रॉनिक्स) **अथवा** मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स / मेकाट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन / इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग / ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स / इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्री **अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |
| **एडवांस्ड मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल सर्विसेज** | आईटीआई उत्तीर्ण (फिटर/ इलेक्ट्रिशियन/ मैकेनिक (डीज़ल) ट्रेड / 10th+ वेल्डर / प्लम्बर / वेल्डर (फेब्रिकेशन एंड फिटिंग) / मैसन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्शन) **अथवा** डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण (मैकेनिकल /इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग) **अथवा अन्य समकक्ष ब्रांच/ट्रेड** | एक वर्ष |

* **उल्लेखित पात्रता के अतिरिक्त पात्रता अर्थात समकक्ष योग्यता का निर्धारण प्रवेश समिति द्वारा दिया जाएगा एवं उसका निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।**

➢ उपरोक्त पाठ्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.globalskillspark.in से ब्रोशर डाउनलोड कर अवलोकन करें।

## 3.प्रवेश प्रक्रिया :-

**(संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क की प्रवेश प्रक्रिया निम्न चरणों में पूर्ण की जाएगी)**

- सूचना /नोटिफ़िकेशन का प्रकाशन
- रजिस्ट्रेशन:- प्रत्येक अभ्यर्थी को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन पूर्णतया निशुल्क होगा।
- आवेदन प्रक्रिया:- ऑनलाइन आवेदन फॉर्म (आवेदक को आवेदन फॉर्म ऑनलाइन एसएसआर ग्लोबल स्किल्स पार्क की वेबसाइट **www.globalskillspark.in** के माध्यम से जमा करना होगा, आवेदन का शुल्क मात्र 100/- रुपये ऑनलाइन देय होगा ।एक से अधिक पाठ्यक्रमों का चयन पात्रतानुसार एक समय में करने पर रजिस्ट्रेशन शुल्क एक बार ही देय होगा।
- प्रवेश चयन सूची की घोषणा
- दस्तावेजो का परिक्षण- अभ्यर्थी को प्रवेश के पूर्व अपने समस्त अपलोड किये गए दस्तावेजो का सत्यापन कराना होगा और वेरिफिकेशन होने की जानकारी प्रबंधक/एडमिशन प्रभारी को देना होगा।
- काउन्सलिंग एवं प्रवेश
- प्रवेश प्रारंभ होने के पूर्व संस्था समस्त प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ **preparatory** कोर्स के माध्यम से ऑनलाइन जुडी रहेगी।
- ओरिएंटेशन प्रोग्राम
- प्रशिक्षण प्रारम्भ
- प्रवेश के समय आवेदन पत्र के साथ निम्लिखित दस्तावेजो की प्रतियाँ संलग्न की जाएं-

1. म.प्र. मूल निवासी प्रमाण पत्र
2. आय प्रमाण पत्र
3. जाति प्रमाण पत्र
4. 10वी एवं 12वी की अंकसूची
5. विकलांगता की स्थिति में प्रमाण पत्र
6. ई.डब्ल्यू.एस. (**EWS**) प्रमाण पत्र
7. स्थानांतरण प्रमाण पत्र **(TC)**

सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संस्था द्वारा अधिकतम आयु सीमा नहीं निर्धारित की गई है।

**नोट:** अभ्यर्थी के प्रवेश उपरांत शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के 5 कार्यदिवस के अंदर यदि अभ्यर्थी अपनी पात्रता अनुसार कोर्स परिवर्तन करना चाहता है , इस स्थिति में चाहे गए कोर्स में यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो अभ्यर्थी का कोर्स परिवर्तन नियमानुसार किया जा सकता है।

## 4. प्रशिक्षण शुल्क :-

| ❖ आईटीआई / डिप्लोमा / इंजीनियरिंग अभ्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण शुल्क | |
|---|---|
| सामान्य /अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण शुल्क | **राशि रु. 15,000/-** |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग / महिला अभ्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण शुल्क | **राशि रु. 10,000/-** |
| **❖ अंतर्राष्ट्रीय अभ्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण शुल्क** | **राशि रु. 80,000/-** |

- ❖ प्रवेशित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण शुल्क 1,2,3 अथवा 4 किश्तों में भरने का प्रावधान भी ऑनलाइन/ऑफलाइन दिया गया है। किश्तों की राशि संस्थान द्वारा तय समय में त्रैमासिक भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।
- ❖ यदि संस्था द्वारा निर्धारित तिथि तक अभ्यार्थी किश्त का भुगतान नही करता तो, निर्धारित समय सीमा तक रुपये 500 अर्थदंड के साथ शेष प्रशिक्षण शुल्क का भुगतान करना होगा |
- ❖ प्रशिक्षण शुल्क में परिवर्तन समय समय पर एसएसआर ग्लोबल स्किल्स पार्क समिति द्वारा किया जा सकता है ।
- ❖ संस्था में प्रवेश के पश्चात् , यदि विद्यार्थी का प्रवेश किसी भी कारण से रद्द किया जाता है तो उसके द्वारा संस्था में जमा किया गया प्रशिक्षण शुल्क संस्था द्वारा वापस देय नहीं होगा ।
- ❖ आईटीआई (NCVT/SCVT) की नियमित परीक्षा के उत्तीर्ण प्रदेश टॉपर प्रशिक्षणार्थियों को एसएसआर जीएसपी भोपाल में नि:शुल्क प्रशिक्षण का प्रावधान किया गया है।
- ❖ बाल संरक्षण संस्था (CCI- Child Care Institute) के विद्यार्थियों की प्रशिक्षण शुल्क स्थगित (Defer) की जावेगी ।
- ❖ दिव्यांग अभ्यार्थियों (40% से ऊपर होने पर) की प्रशिक्षण शुल्क स्थगित (Defer) की जावेगी ।

## 5.संस्थान की प्रमुख विशेषताएं :-

- संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल में संचालित कोर्सों को आईटीईई एजुकेशन सर्विसेज (ITEES), सिंगापुर के तकनीकी सहयोग से उद्योगों की मांग के अनुरूप सिलेबस तैयार कर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।
- कोर्स में प्रैक्टिकल एवं थ्योरी का अनुपात 70:30 है अर्थात प्रशिक्षण के दौरान कोर्स का 70% हिस्सा प्रैक्टिकल एवं 30% हिस्सा थ्योरी पर आधारित होगा।
- विद्यार्थियों को इंडस्ट्री-रेडी बनाने के लिए ग्लोबल स्किल्स पार्क में उन्हीं मशीनों पर प्रशिक्षण दिया जाता हैं, जो उस क्षेत्र के बड़े उद्योगों में उपयोग होती हैं।
- तकनीकी ज्ञान के साथ विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल का भी प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें उनके व्यक्तित्व विकास को निखारने के लिए लीडरशिप और कम्युनिकेशन स्किल इत्यादि की ट्रेनिंग भी शामिल है।
- विद्यार्थियों के प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात् उनके रोजगार के लिए संस्था ने मजबूत उद्योगों से संबंध स्थापित किए हैं।

संस्था द्वारा किये गये **Memorandum of Understanding** (एम.ओ.यू.)

| स.क्र. | संस्था का नाम | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | आर.आर.यू. गाँधीनगर, गुजरात | 1. फंडामेंटल्स ऑफ़ ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी<br>2. सॉलिडिटी एंड स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट ओवर ईथरियम<br>3. हाइपरलेज़र एंड एंटरप्राइज ब्लॉकचेन एप्लिकेशन डेवलपमेंट |
| 2 | नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट | 1. इलेक्ट्रिकल सेफ्टी एंड स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन्स<br>2. स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन एंड एएमआई इंटेग्रेशन<br>3. स्मार्ट मीटर एंड कमर्शियल एस्पेक्ट्स ऑफ़ बिलिंग्स सिस्टम<br>4. एएमआई एनालिटिक्स एंड स्काडा सिस्टम |
| 3 | आई.आई.टी दिल्ली | 1. फंडामेंटल्स ऑफ़ सीवी (इंडस्ट्री एप्लीकेशन्स) विद एआई/एमएल<br>2. सीवी एप्लीकेशन्स बेसिक बूटकैम्प (बेसिक इंडस्ट्री एप्लीकेशन्स)<br>3. एआर/वीआर एंड सीवी बेसिक बूटकैम्प फॉर इंडस्ट्री एप्लीकेशन्स |
| 4 | आई.आई.एम, इन्दौर | 1. सर्टिफिकेट इन वेब एंड मोबाइल डिज़ाइन<br>2. सर्टिफिकेट इन डिजिटल गेम डिज़ाइन<br>3. सर्टिफिकेट इन डिजिटल मार्केटिंग<br>4. सर्टिफिकेट इन मैनेजिंग स्मॉल एंड माइक्रो सर्विसेज़ ऑर्गनाइज़ेशन्स<br>5. सर्टिफिकेट इन आंत्रप्रेन्योरशिप |
| 5 | आई.आई. टी, रोपर | 1. डीजीसीए सर्टिफाइड ड्रोन पायलट ट्रेनिंग<br>2. जीआईएस फॉर ड्रोन डेटा प्रोसेसिंग<br>3. ड्रोन्स इन एग्रीकल्चर, ड्रोन्स इन डिज़ास्टर मैनेजमेंट<br>4. एरियल सिनेमैटोग्राफी<br>5. पायथन फॉर जीआईएस<br>6. ड्रोन बिल्डिंग |

| स.क्र. | संस्था का नाम | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 6 | राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान एन.आई.टी.टी. टी.आर (NITTTR) | शैक्षणिक सहयोग, फैकल्टी आदान-प्रदान, संयुक्त प्रशिक्षण और छात्र इंटर्नशिप के लिए एम.ओ.यू.। |
| 7 | ट्राइडेंट ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज | OJT, प्लेसमेंट एवं स्पॉन्सरशिप |
| 8 | मेसर्स मैटक्स स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड | सुभाष पहल के तहत युवाओं के प्रशिक्षण, प्रमाण पत्र वितरण और अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट हेतु जर्मन भाषा शिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए एम.ओ.यू। |
| 9 | इंदर इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज़, गोविंदपुरा, भोपाल | इलेक्ट्रो मैग्नेटिक कॉन्टैक्टर विद आर्क बॉक्स, इलेक्ट्रो प्न्युमैटिक कॉन्टैक्टर, रिवर्सर, इलेक्ट्रो मैग्नेटिक रिले |
| 10 | कॉपर स्ट्रिप्स प्रा. लि., गोविंदपुरा, भोपाल | टरबाइन (फ्रांसिस, पेल्टन), हाइड्रो टरबाइन घटक, इंडस्ट्रियल कंप्रेसर, ट्रैक्शन मोटर मशीन फ्रेमिंग, इम्पेलर्स, एयरोस्पेस घटक, स्विच गियर, कॉपर, स्टील और पीतल के CNC मशीन्ड प्रेसिशन कंपोनेंट्स |
| 11 | कच्छ मोटर्स, पीथमपुर, जिला धार | U बोल्ट्स, जॉइंट प्रोपेलर शाफ्ट्स, शाफ्ट कंपोनेंट्स, सस्पेंशन पिन्स, कॉटर पिन्स, किंग पिन्स, रेल्स (शिफ्टर और ट्रांसमिशन), स्पाइडर (क्रॉस), स्पेसर्स, लीवर और शिफ्ट फिंगर्स |
| 12 | एड्रॉइट इंडस्ट्रीज़, इंदौर | प्रोपेलर शाफ्ट यूनिट्स, प्रोपेलर शाफ्ट असेंबली, योक शाफ्ट का निर्माण |
| 13 | फानुक इंडिया प्रा. लि., बेंगलुरु | CNC - फानुक की पूरी रेंज, ROBOT - विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए रोबोटिक समाधान, ROBODRILL - उच्चतम इंस्टॉलेशन बेस छोटे VMC, ROBOSHOT - ऑल इलेक्ट्रिक इंजेक्शन मोल्डिंग मशीनों में अग्रणी, फैनुक कंट्रोलर |
| 14 | जय भारत मारुति, फरीदाबाद | शीट मेटल कंपोनेंट्स, असेंबली एवं सब-असेंबली |
| 15 | SMC कॉरपोरेशन प्रा. लि., इंदौर | ऊर्जा बचत उत्पाद, एयर सिलिंडर, डाइरेक्शनल कंट्रोल वाल्व, एयर प्रिपरेशन इक्विपमेंट, मॉड्यूलर F.R.L / प्रेशर कंट्रोल इक्विपमेंट, फिटिंग्स एवं ट्यूबिंग, स्विचेस एवं सेंसर्स, स्थैतिक विद्युत् उन्मूलन उपकरण |
| 16 | सायंटेक टेक्नोलॉजीज़ लि., इंदौर | मीटर्स, ऑसिलोस्कोप, वर्क बेंचेस |
| 17 | फेस्टो इंडिया, बेंगलुरु | हाइड्रॉलिक और प्न्युमैटिक कंपोनेंट्स |
| 18 | वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड, अंजर - गुजरात | विश्व की सबसे बड़ी लाइन पाइप निर्माता कंपनी |

### 6. जीवन कौशल एवं व्यक्तित्त्व विकास (Life skills training) :-

व्यक्तित्व विकास **(life skills training)** कोर्स का अतिरिक्त मॉड्यूल है और यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शामिल है, इस मॉड्यूल में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकस से सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, इस मॉड्यूल के माध्यम से विद्यार्थियों में, कैंपस प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार, नेतृत्व क्षमता, संचार क्षमता (कम्युनिकेशन स्किल), प्रस्तुतिकरण इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

**सह पाठ्यक्रम गतिविधियां (Co-curricular Activities) :-**

प्रशिक्षण की अवधि में लाइफ स्किल्स मॉड्यूल के साथ साथ विद्यार्थियों को कई अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है । इनमें विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण, शैक्षणिक और रणनीतिक महत्व के स्थानों का भ्रमण, भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिताएं, क्विज़ आदि हेतु संस्थान द्वारा क्लब्स का भी गठन किया गया है , जिनके मध्यम से व्यक्तित्व विकास किया जायेगा| संस्था एवं विद्यार्थियों के निरंतर प्रयासों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन की संभावना बढ़ जाती है एवं उन्हें भविष्य में जीवन की चुनौतियों का सामना करने के बेहतर अवसर प्रदान करती है, क्लब का विवरण निम्नानुसार हैं-

1. थिएटर क्लब
2. कल्चरल क्लब
3. स्पोर्ट्स क्लब
4. आर्ट & क्राफ्ट क्लब
5. बुक क्लब
6. फोटोग्राफी एंड मीडिया क्लब

*** संस्था में होने वाले वार्षिक उत्सव (Annual Fest) में सभी क्लब्स की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी|**

### 7. ऑन द जॉब ट्रेनिंग (OJT) :-

प्रत्येक कोर्स में ऑन द जॉब ट्रेनिंग (OJT) का वैकल्पिक मॉड्यूल है, और यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शामिल है। ऑन द जॉब ट्रेनिंग (OJT) में विद्यार्थियों को कोर्स के आधार पर आवंटित समय हेतु संस्था द्वारा विभिन्न उद्योगों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है, जिससे विद्यार्थियों को औद्योगिक वातावरण एवं वहाँ की कार्यशैली को भली-भांति समझ सके।







**8. परीक्षा का मूल्यांकन एवं सर्टिफिकेट :-**

| | |
|---|---|
| **Practical Test** | • Continuous assessment during module through Phase tests and Practical Assignments (Exercises on machines (2 to3) tests will be given during each module |
| **Theory Test** | • Continuous assessment through class test.<br>• End term exam |
| **Passing Mark** | • 50% overall. (marks given in theory and practical test)<br>• Less than 50% marks will be adjudged as fail. |
| **Supplementary Exam** | • One supplementary exam during the vacation period in each term.<br>• Only one module supplementary is permitted.<br>• Two or more subjects failing will result in repeat of the term and fee payment. |
| **Credits Allotment** | • Proportionate to the duration of the module. |
| **Industry Attachment**<br>* **(Applicable only in APE)** | • Industry attachment module will be assessed by Industry and SSR GSP both (through presentation, report etc.) in 60%-40% proportion. |

**9. मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट:-**

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल में संचालित कोर्सों के विद्यार्थियों के प्रशिक्षण उपरांत टर्म परीक्षा आयोजित की जाएगी। साल भर के कोर्स में 2 परीक्षा आयोजित की जाती है, एवं प्रत्येक परीक्षा में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने पर मार्कशीट प्रदान की जाती है, जिन विद्यार्थियों ने दोनों टर्म की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क द्वारा जारी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।

**10. रोजगार के अवसर: -**

- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस, बायो मेंडिकल, हैवी इंजीनियरिंग, कैपिटल गुड्स, डिफेंस, टूलरूम, मैन्युफैक्चरिंग, आई.टी, इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मास्यूटिकल, पावर, रिन्यूएबल ,टेक्सटाइल उद्योगों में कार्य करने के अवसर प्राप्त होगें।
- कोर्स के अंतिम मॉड्यूल से ही विद्यार्थियों के जॉब (Placement) हेतु प्रतिष्ठित उद्योगों को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव हेतु आमंत्रित किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।
- संस्था के मैनेजर इंडस्ट्री इंगेजमेंट एंड प्लेसमेंट , प्लेसमेंट गतिविधियों एवं विद्यार्थियों का प्लेसमेंट करवाने हेतु सतत् प्रयास करते है।

| S.No | Name of Industry | Location |
|---|---|---|
| 1 | Jindal Saw Gulf LLC | Abu Dhabi |
| 2 | Trident | Budhni-Narmdapurm |
| 3 | SRF Industries | Indore |
| 4 | Andritz Hydro Pvt. Ltd. | Mandideep |
| 5 | JBM Group | Noida |
| 6 | Liuogong India Pvt.Ltd. | Indore |
| 7 | Himile Molds India Pvt. Ltd | Vadodara, Gujarat |
| 8 | MSME Technology Center-Bhiwadi | Alwar, Rajasthan |
| 9 | Raghav Aerospace Manufacturing Technologies Pvt. Ltd | Hyderabad |
| 10 | Chetan Meditech Pvt Ltd. | Ahmedabad |
| 11 | VE commercial Vehicals Pvt. Ltd | Pithampur |
| 12 | CNH Industries | Indore |
| 13 | HEG | Mandideep |
| 14 | Jaivel Aerospace | Ahmedabad |

| S.No | Name of Industry | Location |
|---|---|---|
| 15 | Corrtech Energy Limited | Ahmedabad |
| 16 | D&H Secheron | Indore |
| 17 | Hindustan Equipments Pvt. Ltd | Indore |
| 18 | Kach Motors Pvt. Ltd | Indore |
| 19 | V-Fuse metal | Indore |
| 20 | Shreeji Infrastructures | Bhopal-Indore |
| 21 | ETC Ltd. | Bhopal-Indore |
| 22 | Techfab India Ltd. | Mandideep |
| 23 | Omnitech Engineering Pvt. Ltd | Gujarat |
| 24 | Nupur Engineering work | Bhopal |
| 25 | Micaply Industries | Mandideep |
| 26 | Paridhi Industries Pvt. Ltd | Bhopal |
| 27 | Harsha Engineering International Ltd. | Ahmedabad |
| 28 | Maruti Suzuki Pvt. Ltd | Ahmedabad |
| 29 | Shreeram Aerospace and Defence LLP | Rajkot |
| 30 | India Bungy | Ahmedabad |
| 31 | Omega Renk Bearings Pvt. Ltd | Bhopal |
| 32 | Welspun Corp Ltd | Anjar-Ahmedabad |
| 33 | JCB | Jaipur |
| 34 | Anant Pharmacs and Packaging System | Indore |

| S.No | Name of Industry | Location |
|---|---|---|
| 35 | Vacmet India Ltd | Dhar |
| 36 | Adroit Industries India Ltd | Indore |
| 37 | Light Guide Optics Pvt. Ltd | Indore |
| 38 | Inspros Engineers Pvt. Ltd | Mandideep |
| 39 | Bangera products Pvt. Ltd | Mandideep |
| 40 | Maini Precision Products Pvt. Ltd | Bangalore |
| 41 | Scientech Technologies Ltd. | Indore |
| 42 | Daulatram Engineering Industries | Bhopal, Mandideep |







## 11. छात्रवृत्ति :-

**संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क के विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति से संबंधित योजना निम्नानुसार है:-**

| क्र. | योजना का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निर्धन वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति | यह योजना मुख्यमंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना के तहत सम्मिलित की गई है। |
| 2 | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग | पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति |

## 12.प्रवेश एवं प्रवेश में आरक्षण :-

- प्रवेश की कार्यवाही निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की परीक्षा में प्राप्त अंको की मेरिट सूची बनाकर की जावेगी।
- प्रवेश, प्रवीणता के आधार पर निर्धारित आरक्षण के अनुसार दिया जावेगा।

**प्रवेश हेतु कुल निर्धारित सीटों के विरुद्ध प्रवेश के लिए आरक्षित सीटों का प्रतिशत निम्नानुसार है :-**

| | |
|---|---|
| अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों हेतु | **5% सीट्स** |
| अन्य राज्यों के आवेदकों हेतु | **20% सीट्स** |
| मध्यप्रदेश के आवेदकों हेतु | **75% सीट्स** |

- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों के लिए आरक्षित सीटों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग ( संपन्न स्तर को छोड़कर ) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए पृथक से कोई आरक्षण नहीं होगा।
- प्रवेश के किसी भी चयन सूची में यदि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों के लिए आरक्षित सीटें रिक्त रहने की स्थिति पर, मध्य प्रदेश राज्य के आरक्षण रोस्टर अनुसार आवेदकों को आवंटित की जाएगी एवं प्रवेश दिया जायेगा ।

### 12.1 वर्टिकल आरक्षण :- (मध्यप्रदेश राज्य के आवेदकों हेतु)

| स.क्र. | श्रेणी / वर्ग | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 01 | अनुसूचित जाति (SC) | 16 % |
| 02 | अनुसूचित जनजाति (ST) | 20 % |
| 03 | पिछड़ा वर्ग (सम्पन्न स्तर को छोड़कर) (OBC) | 14% (किसी भी प्रकार का संशोधन राज्य शासन के अंतिम निर्णय के अध्ययीन होगा । यदि किसी चलित Allotment की प्रक्रिया के दौरान यह आदेश पारित होता है तो यह अगले Allotment से लागू होगा ) |
| 04 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | 10% |

आरक्षित श्रेणी के लिए पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्र आवेदक उपलब्ध न होने पर रिक्त स्थानों को निम्नानुसार अन्य श्रेणी में परिवर्तन कर भरा जावेगा :-

- अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्त स्थान अनुसूचित जाति के आवेदकों से भरे जावेंगे। इसी प्रकार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रिक्त स्थान पर अनुसूचित जनजाति के आवेदकों से भरे जावेंगे। इन दोनों श्रेणियों के आवेदक उपलब्ध न होने पर इन श्रेणियों के रिक्त स्थानों को अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों से भरा जावेगा । जब इन तीनो श्रेणी के आवेदक उपलब्ध नही होंगे, तब रिक्त स्थान सामान्य श्रेणी से भरा जावेगा।
- ऐसे आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग EWS) के आवेदक जो स्वयं की योग्यता के आधार पर निर्धारित सामान्य मापदंड के अनुसार अनारक्षित श्रेणी के आवेदकों की योग्यता क्रम सूची में चयनित हो जायेंगे, उनकी गणना अनारक्षित श्रेणी में ही की जायेगी ।
- आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) वर्ग के आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर रिक्त स्थान अनारक्षित श्रेणी से भरा जायेगा ।

### 12.2 होरिजोंटल आरक्षण :-

- **महिलाओं के लिए –** मध्यप्रदेश की महिला नीति के अंतर्गत **35** प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए निम्न प्रावधान अनुसार आरक्षित किये गये हैं :-
  1. 35 प्रतिशत आरक्षण वर्टिकल एवं होरिजोंटल श्रेणी में होगा ।
  2. किसी भी वर्टिकल श्रेणी या उसके अंतर्गत होरिजोंटल वर्ग में महिला आवेदक न होने पर उस श्रेणी / वर्ग की पात्रता के पुरुष आवेदकों को प्रवेश दिया जावेगा, किन्तु महिलाओं के लिए आरक्षित स्थान अन्य श्रेणी / वर्ग की महिलाओं में समायोजित नहीं किये जायेंगे।
- **दिव्यांग (PWD) आवेदक** - ऐसे आवेदक जिनकी विकलांगता 40 प्रतिशत से ज्यादा है, के लिए कुल 06 प्रतिशत (अस्थिबाधित, श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित प्रत्येक को 02 प्रतिशत) सीटें आरक्षित है ।





**13. समस्त प्रोविजनल मेरिट लिस्ट तैयार करने हेतु नियमों की जानकारी:-**

- आईटीआई उत्तीर्ण आवेदकों के लिए आईटीआई में प्राप्तांको के आधार पर श्रेणी /वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जाएगी।
- बी.ई. / बी.टेक. / डिप्लोमा के आवेदकों के लिए बी.ई. / बी.टेक. / डिप्लोमा में प्राप्तांको के आधार पर श्रेणी /वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जाएगी ।
- यदि किसी आवेदक ने आईटीआई एवं डिप्लोमा / बी.ई. / बी. टेक उत्तीर्ण किया है इस स्थिति में आवेदक आईटीआई एवं डिप्लोमा / बी.ई. / बी. टेक. दोनों की मेरिट सूची में पात्रता अनुसार चयनित हो सकेगा ।
- आईटीआई के आवेदकों हेतु कुल निर्धारित सीटों की 50% सीटें निर्धारित हैं। आईटीआई की सीटें रिक्त रहने पर डिप्लोमा /बी.ई. /बी.टेक. के आवेदकों को आवंटित की जाएगी ।
- डिप्लोमा/ बी.ई./बी.टेक. के आवेदकों हेतु कुल निर्धारित सीटों की 50% सीटें निर्धारित हैं। बी.ई. / बी.टेक. / डिप्लोमा के आवेदकों की सीटें रिक्त रहने पर आईटीआई के आवेदकों को आवंटित की जाएगी ।
- उदाहरण स्वरूप यदि किसी कोर्स मे कुल 120 सीटें निर्धारित है तो 120 सीटों की 75% (90 सीटें) मध्यप्रदेश राज्य के आवेदकों के लिए, 20% (24 सीटें) ऑल इंडिया (राष्ट्रीय) आवेदकों के लिए और 5% (6 सीटें) अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों के लिए आरक्षित होंगी । राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों की सीटें रिक्त रहने पर मध्यप्रदेश राज्य के आवेदकों को आवंटित की जाएगी।

**प्रवेश में आरक्षण नियम (म.प्र. के आरक्षण नियमानुसार) का पालन करते हुए निम्नानुसार सीट्स का आवंटन किया जाना है:-**

- आरक्षण के अनुसार सबसे पहले दिव्यांग आवेदकों के लिए आरक्षित (PWD / PH) की सीट मेरिट अनुसार उनके सम्बन्धित केटेगरी में भरी जाएगी ।
- किसी भी वर्टिकल श्रेणी या उसके अंतर्गत होरिजोंटल वर्ग में महिला आवेदक नही होने पर उस श्रेणी / वर्ग की पात्रता के पुरुष आवेदक को प्रवेश दिया जावेगा, किन्तु महिलाओं के लिए आरक्षित स्थान अन्य श्रेणी / वर्ग की महिलाओं में समायोजित नही किये जायेंगे ।
- एक से अधिक आवेदकों के समान प्राप्तांक होने पर अधिक आयु के आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी ।

उक्त निर्देशों / मार्गदर्शकों एवं सिद्धांतों के अनुसार प्रथम प्रोविजनल चयन सूची तैयार की जाएगी ।

## 14. संस्था स्तर पर प्रवेश हेतु नियमों की जानकारी :-

- आवेदक द्वारा चयन सूची में नाम आने पर ,यदि प्रवेश नहीं लिया जाता है, तो आगामी चयन सूचियों में उसका दावा समाप्त हो जायेगा। किन्तु आवेदक रिक्त स्थान रहने की स्थिति में CLC राउंड में प्रवेश हेतु सम्मिलित हो सकेगा।
- यदि प्रथम सूची के दौरान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों हेतु आरक्षित स्थान रिक्त रह जाते हैं तो, उन्हे म.प्र. सीटों में कन्वर्ट किया जाएगा एवं म.प्र. आरक्षण रोस्टर अनुसार प्रथम सूची एवं द्वितीय चयन सूची जारी की जाएगी।
- यदि द्वितीय चयन सूची के उपरांत प्रवेशित स्थान रिक्त रह जाते हैं तो म.प्र. आरक्षण रोस्टर अनुसार रिक्त सीटों के कनवर्ज़न किए जाएँगे एवं तृतीय चयन सूची जारी की जाएगी।
- यदि तृतीय चयन सूची जारी होने के उपरांत भी स्थान रिक्त रहने की स्थिति में **"पहले आओ पहले पाओ"** आधार पर CLC के माध्यम से प्रवेश की प्रकिया पूर्ण की जाएगी।
- प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए मेरिट लिस्ट पृथक-पृथक होगी, आवेदक को किसी एक पाठ्यक्रम में प्रवेश अंतिम तिथि तक लेना अनिवार्य है। एक पाठ्यक्रम से दूसरे पाठ्यक्रम में परिवर्तन केवल प्रवेश की अंतिम तिथि तक ही संभव है।

### 14.1 प्रोविजनल संस्था स्तर पर College Level Counselling (CLC) एडमिशन लिस्ट तैयार करने हेतु नियमों की जानकारी:-

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में प्रवेश हेतु स्थान रिक्त रहने की स्थिति में सभी रिक्त सीटों हेतु आरक्षण समाप्त करते हुए सीटों को अनारक्षित सीटों में परिवर्तित कर संस्था के स्तर पर सभी पात्र आवेदकों द्वारा संस्थान में रिपोर्टिंग कर "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर संस्था में प्रवेश दिया जायेगा।

## 15. परिवीक्षा:-

- प्रशिक्षण अवधि में संस्था द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों का पालन विद्यार्थियों को करना होगा।
- एक माह अवधि तक प्रवेश पूर्ण रूप से अस्थाई होगा एवं जिन विद्यार्थियों का प्रशिक्षण के प्रति रुझान नहीं पाया जायेगा, उन्हें एक सूचना के बाद संस्था से मुक्त किया जा सकेगा।

**16.अनुशासन:-**

- प्रतिदिन प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक कक्षाएं लगती हैं, शैक्षणिक स्कूल/कॉलेजों की तरह इसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश अथवा कोई लंबी अवधि के अवकाश नहीं होते हैं।
- प्रवेश लेने के बाद किसी भी विद्यार्थियों को किसी अन्य संस्था/महाविद्यालय में प्रवेश लेने की अथवा परीक्षा में नियमित छात्र के रूप में सम्मलित होने की अनुमति नहीं दी जाती है।
- कोर्स के प्रत्येक मोड्यूल में अलग-अलग न्यूनतम उपस्थिति 85 प्रतिशत होना अनिवार्य है, इससे कम उपस्थिति होने पर परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी।
- लगातार 3 दिवसों तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर निलंबन की कार्यवाही की जायेगी।
- संस्था से निष्कासन एवं परीक्षा में सम्मिलित होने से रोकने के लिए संस्था प्रमुख एवं उनसे उच्च अधिकारी अधिकृत होंगे।
- प्रशिक्षण प्राप्त करते समय यदि विद्यार्थियों को कोई चोट / हानि पहुँचती है, तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी, जिसके लिये प्रवेश के समय आवेदक को संलग्न प्रपत्र-1 में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- संस्था में प्रवेश के पश्चात् , यदि विद्यार्थी का प्रवेश किसी भी कारण से रद्द किया जाता है तो उसके द्वारा संस्था में जमा किया गया प्रशिक्षण शुल्क संस्था द्वारा वापस देय नहीं होगा।
- विद्यार्थियों को संस्थान द्वारा समय-समय पर बनाए गए नियमों और विनियमों का पालन करना अनिवार्य है।
